चीनी पर बढ़ सकता है आयात शुल्क!

पाकिस्तान से चीनी के सस्ते आयात पर अंकुश के लिए सरकार आयात शुल्क को मौजूदा 50 फीसदी से ज्यादा बढ़ा सकती है। उद्योग से जुड़े सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। पाकिस्तान की सरकार चीनी निर्यातकों को सब्सिडी देने की योजना बना रही है, जिससे भारतीय बाजार में निर्यात करना आसान हो सके। अगर ऐसा होता है तो देश में पाकिस्तान से चीनी का आयात बढ़ सकता है, जिससे घरेलू उद्योग को समस्या होगी। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने कहा कि केंद्र सरकार ने चीनी पर आयात शुल्क बढ़ाने का भरोसा दिया है।